दैनिक
न्याय साक्षी

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
सेहत-वास्तु-फीचर

रायगढ़, बुधवार 17 अप्रैल 2019
www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### सड़क दुर्घटना में कांग्रेसी नेता की मौत

**बीजापुर।** एनएच 63 सड़क में बोलेरो और पिकअप वाहन के बीच भिड़ंत हुई है। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी की जिससे मौके पर ही 2 लोगो की मौत हो गई। करीब 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर मोदकपाल से लगे तुनकीगुट्टा पहाड़ी के पास एक पिकअप वाहन जिसका कि टायर पंचर हो गया रोड में खड़ी थी। जिसमें रखा हुआ टेंट सामान राड सड़क में ही रखा हुआ था। तेज रफ्तार से आ रही बोलेरो राड़ में जा टकराई। टक्कर इतना जबरदस्त था की बोलेरो सामने से कटकर युवको में जा घुसी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अन्य वाहन में सवार 5 लोग गंभीर रूप से घायल है। इस घटना में भोपालपटनम के कांग्रेसी नेता केजी सत्यम की मौके पर ही मौत हो गई। वे बच्चे का जगदलपुर में इलाज कर वापस घर लौट रहे थे इसी दौरान सड़क हादसे का शिकार हो गए। उनकी मौत से परिवारजनों में दहशत है और घर में मातम छाया हुआ है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बीआर पुजारी ने बताया कि खबर मिलते ही एम्बुलेंस के द्वारा घटनास्थल से घायलों को त्वरित उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। एक महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जगदलपुर रेफर किया गया। अन्य घायल खतर से बाहर है।

### पूर्व भाजपा सांसद रेशमलाल जांगड़े के पुत्र एवं पत्नी ने कांग्रेस प्रवेश किया

**रायपुर।** छत्तीसगढ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री गिरीश देवांगन की उपस्थिति में पूर्व भाजपा सांसद एवं स्वतंत्रता सेनानी रेशमलाल जांगड़े के पुत्र हेमचंद जांगड़े एवं उनकी पत्नि कमला जांगड़े ने कांग्रेस प्रवेश किया, जांजगीर लोकसभा प्रत्याशी रवि भारद्वाज के पक्ष में काम करेंगे।

### सेलून में बाल कटाने गये अधेड़ का मोबाईल पार,मामला दर्ज

**रायपुर।** सेलून में बाल कटाने गये अधेड़ की मोबाईल किसी ने चोरी कर लिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर कोतवाली थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार राहुल ट्रेडर्स के पास मालवीय रोड रायपुर निवासी सचिन धाड़ीवाल पिता कुशालचंद धाड़ीवाल ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि गांधी चौक के पास सेलून में बाल कटाने के दौरान किसी ने एप्पल कंपनी का मोबाईल निकालकर सामने डेस्क पर रख दिया था। बाल कटाने के बाद जब मोबाईल पर ध्यान गया तो मोबाईल किसी ने चोरी कर लिया था। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 380 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### राष्ट्रीय महामंत्री व छत्तीसगढ़ प्रभारी डॉ. अनिल जैन का दौरा कार्यक्रम

**रायपुर।** राष्ट्रीय महामंत्री व छत्तीसगढ़ प्रभारी डॉ. अनिल जैन 16 अप्रैल को प्रातः 9 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर से प्रस्थान कर हेलीकाप्टर द्वारा प्रातः 10.15 बजे बाल्को एयरस्ट्रीप कोरबा जिला-कोरबा पहुंचेंगे। जहां प्रातः 10.30 बजे कोरबा के स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। अपराह्न 3.00 बजे बालको एयरस्ट्रीप कोरबा से प्रस्थान कर 3.45 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर पहुंचकर शाम 4. बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर पहुंचेंगे। जहां संध्याकालीन बैठक लेंगे।

### डॉ. आम्बेडकर जयंती पर भव्य शोभायात्रा संपन्न

**रायपुर।** डॉ आंबेडकर सर्वाजनिक जयंती समारोह समिति की तरफ से गुढ़ियारी से भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से रमाकांत रामटेके, शैलेश बड़गे, रामभाऊ डोंगरे, सुभाष नारनवरे, मुकुंद मसूरकर जी, चन्द्रकान्त रामटेके, अनोज मसूरकर, ॠषिके नंदेश्वर, मकरन्द घोडेस्वार, राजू मेंढे, प्रमोद वैद्य, लोकचंद डोंगरे, पुरषोत्तम मेश्राम आदि बड़ी संख्या में जनसमूह उपस्तिथ होकर, बाबा साहेब को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### आईपीलए मैच पर सट्टा खिलाते एक पकड़ाया

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने डेली मार्केट के पास आईपीएल मैच पर मोबाइल से सट्टा खिलाते हुए एक युवक को पकड़ा। इसके पास से पुलिस ने नकदी, एलईडी टीवी, मोबाइल एवं 1 लाख 64 हजार रुपए का सट्टा पट्टी जब्त की। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि थानापारा बागबाहरा के मोहम्मद खान पिता रफिक खान (30) आईपीएल क्रिकेट मैच पर मोबाइल से खिलाड़ियों के नाम पर जुआ खिला रहा है। सूचना मिलते ही टीम ने युवक को धरदबोचा।

### नाबालिग युवती घर से लापता

**रायपुर।** नाबालिग युवती के घर से लापता हो जाने की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में पुलिस ने दर्ज की है। मिली जानकारी के अनुसार संजयनगर टिकरापार निवासी 24 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी की नाबालिग बहन आयु 17 वर्ष 3 माह सोमवार से घर से लापता है। प्रार्थी ने आशंका जताया है कि किसी ने उसकी बहन को बहला-फुसलाकर अपहरण कर लिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 363 के तहत अपराध कायम कर गुम इंसान का मामला दर्ज कर जांच लिया है।

### म्युथाई के लिए खिलाड़ियों का चयन 20 को

**जगदलपुर।** बस्तर जिला म्युथाई क्लब के तत्वावधान में 18 वीं राज्य स्तरीय म्युथाई के लिए 20 अप्रैल को विवेकानंद स्कूल में खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। स्पर्धा में 10 वर्ष से 19 वर्ष की आयु व वजन वर्ग पर बालक एवं बालिकाओं का चयन किया जाएगा। उक्त चयन स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी राज्य स्तरीय म्युथाई प्रतियोगिता के लिए दल्ली राजहरा जाएंगे।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी सभा कोरबा व भाटापारा में

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 अप्रैल को छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की दो चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहली चुनावी सभा दोपहर 1 बजे कोरबा में होगी। वहीं अपराह्न 3 बजे प्रधानमंत्री भाटापारा में दूसरी चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।



कोरबा की सभा में कोरबा, सरगुजा और रायगढ़ के सांसद प्रत्याशी सहित भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी डॉ. अनिल जैन, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, केन्द्री राज्यमंत्री विष्णुदेव साय, रामविचार नेताम, अमर अग्रवाल, पुन्नूलाल मोहिले, भैयालाल रजवाड़े सहित स्थानीय सांसद, विधायक व लोकसभा क्षेत्र के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल होंगे।

भाटापारा की सभा में रायपुर, जांजगीर चांपा और बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी, सहित प्रमुख रूप से पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री सरोज पाण्डेय, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम उसेंडी, सांसद रमेश बैस, गौरीशंकर अग्रवाल, बृजमोहन अग्रवाल, राजेश मूणत, शिवरतन शर्मा, दयालदास बघेल व स्थानीय सांसद व विधायक , भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आम जन उपस्थित रहेंगे।

प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आ रहा है। दोनों ही स्थानों पर बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की अपील करते हुए पार्टी नेता सभा की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।

## पेंशन मामले में केरल हाइकोर्ट का फैसला सुको में बरकरार

### निजी क्षेत्र में कार्यरत करोड़ों कर्मचारियों को राहत : दीपेश

**कोरबा।** सुप्रीम कोर्ट ने निजी क्षेत्र में कार्यरत करोड़ों कर्मचारियों को पेंशन में कई गुना बढ़ोतरी का रास्ता साफ कर दिया है। केरल हाइकोर्ट ने 2016 में निजी क्षेत्र में कार्यरत कामगारों को उनकी पूरी सैलेरी के हिसाब से पेंशन देने का आदेश दिया था जबकि फिलहाल कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में अधिकतम 15000 रूपए बेसिक वेतन के सीमा आधार पर पेंशन की गणना की जाती है। केरल हाइकोर्ट के फैसले के खिलाफ कर्मचारी भविष्य निधि संगठन एवं सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की थी जिसे बीते सोमवार को कोर्ट ने खारिज करते हुए केरल हाइकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है।

इस संबंध में एटक के दीपेश मिश्रा ने कहा है कि आजादी के बाद से ही पेंशन के सवाल को लेकर काफी संघर्ष किया गया। 1995 में पेंशन कानून बना और उसमें सुधार की बात कही गई थी जिसे लेकर श्रम संघों ने लगातार संघर्ष किया इसी के फलस्वरूप पेंशन पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान पेंशन गणना की जो पद्धति है उसके हिसाब से कोई कर्मचारी ने 33 वर्ष नौकरी की और 50000 हजार वेतन पा रहा है तो वह प्रति माह 5180 रूपए पेंशन पाने का हकदार होगा पर अभी जो सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया है उसके हिसाब से 50000 सैलरी पाने वाला 25000 प्रति माह पेंशन पाने का हकदार होगा। पेंशन कोई दया नहीं है बल्कि मजदूरों का मौलिक अधिकार है और सामाजिक सुरक्षा के तहत आता है। दीपेश मिश्रा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पेंशन पर मजदूरों के पक्ष में जो ऐतिहासिक फैसला दिया है उसे लागू कराने के लिए प्रभावी कदम उठाया जाएगा।

## राहुल लगातार अशोभनीय काम कर रहे : डॉ. रमन

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को अवमानना के मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा नोटिस जारी किए पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि राहुल गांधी इस तरह बयान दे रहे थे जैसे वे सुप्रीम कोर्ट का आदेश सुना रहे हों। डॉ. रमन ने कहा कि एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के अध्यक्ष को इस तरह झूठ का प्रचार करना शोभा नहीं देता और कांग्रेस अध्यक्ष तो संवैधानेत्तर आचरण प्रदर्शित कर रहे थे। डॉ. रमन ने कहा कि राफेल मुद्दे पर देश को लगातार गुमराह कर रहे राहुल गांधी ने देश की सबसे बड़ी अदालत तक के नाम पर दुष्प्रचार करने का कुत्सित प्रयास किया है। राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप कोई नई बात नहीं हैं लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष जिस तरह से आधार हीन बातों का हवामहल तैयार करते नजर आ रहे हैं, वह उनकी घनघोर हताशा का परिचायक हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने झूठ को सच ठहराने के जोश में इस तरह होश खो दिया कि देश की जनता समझ गई कि आज भी वे पहले की तरह ही अपरिपक्व हैं।



जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता के हित में वर्षों काम किया है और देश हित में संघर्ष किया है, उसके बाद उन्हें देश की जनता ने अपना नेता चुना हैं वैसा संघर्ष करने का माद्दा अगर राहुल गांधी में हैं तो वे सत्ता हासिल करने के लिए राजनीतिक साजिशें क्यों रचते हैं? देश की जनता को गुमराह क्यों कर रहे हैं और देश की सबसे बड़ी अदालत के नाम पर झूठ की राजनीति क्यों फैला रहे हैं? डॉ. रमन ने कहा कि अब मामला सुप्रीम कोर्ट में हैं तो हमें पूरा भरोसा है कि राहुल गांधी ने देश के प्रधानमंत्री को बदनाम करने के लिए जिस तरह सुप्रीम कोर्ट के नाम का दुरुपयोग किया हैं, उसका उचित खामियाजा उन्हें भुगतना ही पड़ेगा और देश को यह पता चल जाएगा ।

### पानी खरीदकर पी रहे ग्रामवासी

**जगदलपुर।** बकावंड ब्लाक में करंजी में प्रशासनिक अनदेखी के चलते लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। हालत यह है कि लोगों की प्यास को बुझाने के लिए सरपंच रमेश कश्यप को इन दिनों पानी खरीदकर ग्रामीणों देना पड़ रहा है। समय पर समस्या का हल नहीं होने से ग्रामीण इसके लिए प्रशासन को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। सरपंच ने कहा कि ग्रामीणों की मांग पर हर दिन 200 रुपए प्रति टैंकर के रेट पर पानी खरीदकर गांव वालों को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर दिन 6-7 टैंकर पानी खरीदा जा रहा है। ग्रामीणों को पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है इसकी जानकारी जनपद पंचायत सीईओ अमित भाटिया को दी गई।

## सप्ताह भर बंद रहेंगी हीराखंड और राऊरकेला एक्सप्रेस

**जगदलपुर।** किरंदुल-कोत्तावालसा रेललाइन में जगदलपुर रेल सेक्शन अंतर्गत कुसुमी, कोटपाड़ और आंबागांव स्टेशनों में रेललाइन दोहरीकरण के बाद नॉन इंटरलाकिंग कार्य के लिए 16 से 22 अप्रैल के बीच दिन में कई घंटे मेगा ब्लॉक लेने के कारण इस लाइन पर चलने वाली दो प्रमुख यात्री ट्रेनें हीराखंड और राउरकेला एक्सप्रेस पड़ोसी राज्य ओडिशा के जैपुर स्टेशन तक ही चलेंगी। वाल्टेयर रेलमंडल मुख्यालय से कमर्शियल मैनेजर सुनील कुमार के हवाले से जारी एक प्रेस नोट में इस बात की जानकारी दी गई है। बताया गया कि ऐसे यात्री जिन्होंने 16 से 22 अप्रैल के बीच इन दोनों ट्रेनों जगदलपुर-भुवनेश्वर हीराखंड और राउरकेला-जगदलपुर राउरकेला एक्सप्रेस में जगदलपुर से सफर करने बर्थ आरक्षण कराया है उन्हें जगदलपुर से जैपुर तक लाने ले जाने रेलवे की ओर से बस की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। बस दोनों स्थानों जैपुर और जगदलपुर में स्टेशन से छूटेंगी।



रेल अधिकारियों ने बताया कि मेगा ब्लाक दिन में लिया जाएगा इसलिए हावड़ा-जगदलपुर समलेश्वरी एक्सप्रेस जो रात 11 बजे जगदलपुर आती है और तड़के सवा चार बजे छूटती है तथा किरंदुल-विशाखापट्टनम नाइट एक्सप्रेस जो तड़के छह बजे जगदलपुर आकर देर शाम सवा सात बजे जगदलपुर से विशाखापट्टनम के लिए छूटती है का संचालन जारी रहेगा। रेलवे की ओर से अभी हीराखंड और राउरकेला एक्सप्रेस को जैपुर में स्थगित कर चलाने की सूचना जारी की गई है। दिन में चलने वाली किरंदुल-विशाखापट्टनम पैसेंजर और सप्ताह में तीन दिन चलने वाली दुर्ग-जगदलपुर एक्सप्रेस के संचालन को लेकर कुछ नहीं कहा गया है। इससे माना जा रहा है कि ये दोनों गाड़ियां पूर्व निर्धारित समयानुसार ही संचालित होंगी।

### आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खिलाते एक व्यक्ति गिरफ्तार

**रायपुर।** आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खिलाते पाये जाने पर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से नगदी रुपये व मोबाईल फोन,एवं सट्टा पट्टी सहित एलईडी टीवी ,एक नग टेबलेट जप्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आर्शिवाद भवन के पास बैरनबाजार थाना कोतवाली निवासी हेमन्त लुक्कड 51वर्ष पिता स्व.खेमराज लुक्कड को मुखबिर की सूचना पर सोमवार के दिन आईपीएल मैच में रायल चेलेन्जर व मुंबई मैच के दौरान पुलिस ने छापामारकर आनलाईन सट्टा खिलाते पाये जाने पर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से नगदी 77 हजार 3 सौ रुपये व 3 नग मोबाईल फोन एक नग एलईडी टीवी सहित सट्टा-पट्टी जप्त किया है।

## क्रेडिट कार्ड का ओटीपी नंबर पूछकर खाते से 68610 रुपये पार

**रायपुर।** खुद को एसबीआई का अधिकारी बता आरोपी ने एक व्यक्ति को अपने झांसे में लेकर हजारों रुपये की धोखाधड़ी किये जाने की रिपोर्ट मोदहापारा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार रामसागरपारा आजाद चौक रायपुर निवासी नंदकिशोर शर्मा 50 वर्ष पिता स्व.राधेश्याम शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 22 मार्च से 25 मार्च 2019 के मध्य एमजी रोड मोती स्वीट्स के पास मोबाईल नंबर 84490-06205, 90687-40935 का धारक ने प्रार्थी के मोबाईल फोन पर कॉल करके खुद को एसबीआई का अधिकारी बताकर क्रेडित कार्ड से समान खरीदने पर 30 प्रतिशत छूट बैंक



से मिलने की बात कहकर एसबीआई बैंक एवं केनरा बैंक के क्रेडिट कार्ड का नंबर एवं ओटीपी नंबर पूछकर खाता से कुल 68 हजार 6 सौ 10 रुपये निकाल धोखाधड़ी किया। जब बैंक जाकर अपने खाते का जांच किया तब पता चला कि मेरे खाते से रुपये निकल चुका है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत ठगी किये जाने की रिपोर्ट दर्ज कर मामला दर्ज कर लिया है।

## श्रद्धा कपूर को अच्छी दोस्त मानती है परिणीति चोपड़ा



बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा, श्रद्धा कपूर को अच्छी दोस्त मानती है। परिणीति चोपड़ा ने सानिया नेहवाल की बायोपिक की शूटिंग शुरु की है। इस फिल्म के लिए पहले श्रद्धा कपूर को कास्ट किया गया था हालांकि बात नहीं बनी और यह रोल परिणीति की झोली में चला गया। माना जा रहा था कि परिणीति के इस फिल्म में काम करने के कारण श्रद्धा और उनके बीच सब कुछ सही नहीं चल रहा है लेकिन एक इंटरव्यू में परिणीति ने श्रद्धा को अपना दोस्त बताया है।

परिणीति से जब पूछा गया कि इंडस्ट्री में उनके दोस्त कौन-कौन हैं तो उन्होंने कहा कि श्रद्धा, सोनाक्षी सिन्हा और आलिया भट्ट मेरे अच्छे दोस्त हैं। बॉलीवुड में इस बात की खूब चर्चा होती है कि इंडस्ट्री में एक्ट्रेसेस की एक दूसरे के साथ बनती नहीं है लेकिन युवा पीढ़ी फिर चाहे वो अभिनेत्रियां हो या फिर एक्टर्स, सभी एक दूसरे के साथ कंफर्टेबल हैं और कई सितारों की तो आपस में अच्छी दोस्ती भी है. जब से मैंने अपने प्रोफेशनल करियर की शुरुआत की है, उसके बाद से ही हमारी तुलना प्रोफेशनल स्तर पर ही होती रही है।

## बिर्रा से निकलेगी एक साथ चार सगे भाईयों की बारात

### पूर्व में मल्दा में हुई थी चार बहनों की एक ही परिवार में विवाह



**जांजगीर-चाम्पा।** कहते है जोडियां ऊपर से ही तय हो जाती है।त्रेतायुग में भगवान श्रीराम, भरत,लक्ष्मण और शत्रुघन के विवाह को हम सब सुने है।जिनकी बारात बडे धूमधाम से अयोध्या से जनकपुर पहुंची थी। ऐसा ही वाक्या कलियुग में जिला के बमहनीडीह विकासखंड के अंतर्गत बिर्रा-ठाकूरदेव मुहल्ला से चार सगा भाईयों की बारात 17 अप्रेल को निकलेगी।इस संबंध में हमारे बिर्रा संवाददाता डी. एन. देवांगन ने बताया कि बम्हनीडीह विकासखंड के ग्राम पंचायत बिर्रा के वार्ड क्र. 06 ठाकूरदेव मुहल्ले के श्रीमती समारिन बाई-हनुमान चरण पटेल के सुपुत्र रामलाल, श्यामलाल, तिहारु और गनेशु का बारात कल 17 अप्रेल को ओडकाकन(बलौदाबाजार),गोड ेहारी(रायगढ),हसौद(जांजगीर-चांपा) व डुरूमगढ (बलौदाबाजार)के लिए दो पाली में निकलेगी।जिसकी चर्चा क्षेत्र में हो रही है।लोगों का कहना है कि यह एक अच्छी पहल है जिससे आर्थिक दृष्टि और आज के समय में लोगों के पास समय नहीं होता तो इस नेक कार्य की सराहना होनी चाहिए।हनुमान चरण के सात पुत्रों में दो पुत्रों का विवाह पहले ही हो चुका है। जिसमें चि.रामलाल का विवाह सौ.कां.राजकुमारी ओडकाकन के साथ,चि.श्यामलाल का सौ.कां.कांति गोडिहारी के साथ,चि.तिहारू का सौ.कां.हीरा हसौद और चि.गनेशु का विवाह सौ.कां.दूर्गा डुरूमगढ के साथ 17 अप्रेल को परिणय सूत्र में बंधेंगे।इस प्रकार दो वर्ष पूर्व कश्यप परिवार मल्दा में भी चार बहनों का विवाह एक ही परिवार के चार भाईयो के संपन्न हुआ था।जिसकी चर्चा काफी हुई थी।



### ऐश्वर्या करेगी हॉलीवुड में कमबैक

अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन इन दिनों हॉलीवुड में कमबैक करने वाली हैं। जी हां.. ऐश्वर्या को हॉलीवुड की एक फिल्म ऑफर हुई है। एक्ट्रेस ने हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स को हैंडल करने के लिए एक टीम भी हायर की है। ऐश्वर्या अब तक हॉलीवुड की पांच फिल्मों (ब्राइड एंड प्रिजुडिस, द मिस्ट्रेस ऑफ स्पाईसेज, प्रोवोक्ड, द लास्ट लीजन और द पिंक पैंथर-2) में काम चुकी हैं। बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक ऐश्वर्या राय बच्चन आज एक अंतरराष्ट्रीय चेहरा बन चुकी हैं।